सूचना और प्रसारण मंत्रालय

डीडी न्यूज पर विधानसभा चुनाव के नतीजों का सीधा प्रसारण

सीधे मौके से समय पर प्रामाणिक नवीनतम जानकारियां दी जाएंगी

Posted On: 09 MAR 2022 12:21PM by PIB Delhi

हाल ही में 5 राज्यों में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव के नतीजों का लोगों को बेसब्री से इंतजार है। इसको देखते हुए सार्वजनिक प्रसारक प्रसार भारती की समाचार प्रसारण शाखा डीडी न्यूज और ऑल इंडिया रेडियो न्यूज 10 मार्च, 2022 को मतगणना के दिन मिनट दर मिनट अपडेट को कवर करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

गिनती के आंकड़ों में सटीकता और तथ्य की सत्यता सुनिश्चित करने के लिए जमीनी स्तर पर पत्रकारों और स्ट्रिंगरों के व्यापक नेटवर्क के माध्यम से डीडी न्यूज आपके लिए सभी पांच राज्यों से वास्तविक समय में सबसे सटीक आंकड़े लाएगा। राजनीतिक विशेषज्ञ और चुनाव विश्लेषक इन आंकड़ों का विश्लेषण डीडी न्यूज के शो 'जनादेश' पर सुबह 7 बजे से लाइव करेंगे।

एक लाइव डेटा केंद्र, जमीनी स्तर पर टीम और उसकी पहुंच की ताकत का लाभ उठाते हुए डीडी न्यूज पर हर सेकंड नवीनतम सूचनाओं को और समृद्ध करेगा। 5 राज्यों के मतगणना बूथों पर चैनल की मौजूदगी इस डेटा केंद्र को लाइव काउंटिंग नंबर्स (सीधे मतों की गिनती बताएगी) देगी, जिसे वास्तविक समय में मिलान कर उसका विश्लेषण किया जाएगा। 3डी ग्राफिक्स के आकर्षक सहयोग से हर सेकंड अपडेट होने वाले लीड (जो गिनती में आगे होंगे) और परिणामों का लाइव मिलान किया जाएगा, ताकि दर्शकों को स्पष्ट रूप से मतों की गिनती समझने में कोई दिक्कत न हो।

चैनल पर विस्तृत सूचना देने में ग्राउंड जीरो से लाइव कवरेज, राजनीतिक विश्लेषकों और राजनीतिक नेताओं के साथ स्टूडियो में चर्चाओं का संयोजन शामिल होगा।

पांच मतदान वाले राज्यों उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, मणिपुर और गोवा में दूरदर्शन की क्षेत्रीय समाचार इकाइयां भी सुबह 7 बजे से दिन में लाइव अपडेट के साथ अलग-अलग विशेष शो प्रस्तुत करेंगी। इन कार्यक्रमों में प्रमुख राजनीतिक विशेषज्ञों व राज्य के नेताओं के साथ चर्चा होगी, साथ ही लीड और परिणामों की लाइव टैली दिखाए जाएंगे।

ऑल इंडिया रेडियो न्यूज नेटवर्क ने भी 10 मार्च को होने वाली मतगणना की प्रामाणिक और समय पर नवीनतम जानकारी देने के लिए व्यापक व्यवस्थाएं की हैं। देश का सबसे बड़ा रेडियो नेटवर्क ऑल इंडिया रेडियो 10 मार्च को सुबह 7 बजे से 9 घंटे से अधिक समय तक चुनाव परिणामों पर विशेष बुलेटिन और कार्यक्रम प्रसारित

करेगा। इन कार्यक्रमों का प्रसारण एआईआर एफएम गोल्ड पर 100.1 मेगाहर्ट्ज, एफएम रेनबो नेटवर्क, विविध भारती और एआईआर के अन्य स्थानीय चैनलों पर किया जाएगा। यह एआईआर यूट्यूब चैनल https://www.youtube.com/NEWSONAIROFFICIAL पर भी लाइव उपलब्ध होगा।

सभी पांच राज्यों के एआईआर संवाददाता मतगणना के नवीनतम लाइव अपडेट देते रहेंगे। स्टूडियो के विशेषज्ञ परिणामों का व्यापक और गहन विश्लेषण करेंगे।

विशेष चुनावी बुलेटिन के अलावा शाम 7:20 बजे से रात 8 बजे तक गहन चर्चा का प्रसारण किया जाएगा। 5 राज्यों के विशेषज्ञों के साथ एक विशेष रेडियो ब्रिज कार्यक्रम रात 9:15 बजे से रात 10 बजे तक प्रसारित किया जाएगा।

पूरे देश में आकाशवाणी की सभी 46 क्षेत्रीय समाचार इकाइयां अपने-अपने राज्यों की क्षेत्रीय भाषाओं में विशेष कार्यक्रम और समाचार बुलेटिन चलाएंगी। विभिन्न चैनलों जैसे एफएम गोल्ड, एफएम रेनबो, विविध भारती और आकाशवाणी के अन्य स्थानीय चैनलों के माध्यम से देश भर में प्रति घंटा समाचार बुलेटिन चलाए जाएंगे।

लीड और परिणामों पर ये विशेष शो और रीयल टाइम अपडेट प्रसार भारती के डिजिटल मंचों पर भी उपलब्ध होंगे। इनमें न्यूजऑनएयर ऐप, टेलीग्राम चैनल और प्रसार भारती न्यूज सर्विस का ट्विटर हैंडल और डीडी व एआईआर के यूट्यूब चैनल शामिल हैं।

***

एमजी/एएम/आरकेजे/एसएस

(Release ID: 1804335) Visitor Counter : 268

Read this release in: Marathi , English , Urdu , Bengali , Punjabi , Gujarati , Tamil , Telugu